## फर्जीवाड़े से पट्टे का नवीनीकरण महंगा पड़ा

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत 90 जीबी के ग्राम विकास अधिकारी जसमेर सिंह ने धोखाधड़ी के आरोप में पुलिस थाना में सलेमपुरा निवासी एक महिला और अन्य पर मामला दर्ज करवाया है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि चक 4 एसपीएस सलेमपुरा निवासी हरविन्द्र कौर पत्नी जरनैल सिंह और उनके रिश्तेदार निरंजन सिंह पुत्र जंगीर सिंह ने फर्जी तरीके से ग्राम पंचायत 90 जीबी के पट्टों का नवीनीकरण करवाया है। जसमेर सिंह ने बताया कि इन पट्टों का कोई रिकॉर्ड ग्राम पंचायत 90 जीबी के दस्तावेजों में उपलब्ध नहीं है।

ग्राम विकास अधिकारी ने कहा कि जिला कलेक्टर के समक्ष चल रहे रोशनलाल बनाम सरपंच सलेमपुरा 4 एसपीएस मामले में जिला कलेक्टर ने उनसे पट्टों की जानकारी देने को कहा था। जसमेर सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत के रिकॉर्ड में इन पट्टों का कोई अता-पता नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इन फर्जी पट्टों का नवीनीकरण वर्ष 2024 में उनके फर्जी हस्ताक्षर और ग्राम पंचायत की मोहर का दुरूपयोग किया गया है, जिसके आधार पर आगे बयाने और लेनदेन किए गए हैं। एफएसएल जांच करवाने की मांग की है।

# भादरा में मसाला पिसाई केन्द्रों पर कार्रवाई, 11 क्विंटल मसाले सीज

**हनुमानगढ़,** (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने आज खण्ड भादरा में मसालों की पिसाई एवं वितरण करने वाले दो संस्थानों का औचक निरीक्षण किया एवं वहां से हल्दी, लाल मिर्च व धनिया के 6 सैम्पल संग्रहित किए।

चिकित्सा विभाग ने दो टीमें बनाकर एक ही समय में यह कार्यवाही सम्पादित की। कार्रवाई में सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा, आरसीएओ डॉ. सुनील विद्यार्थी, भादरा बीसीएमओ डॉ. लक्ष्य चौधरी, एफएसओ सुदेश गर्ग, एफएसओ रफीक मोहम्मद एवं स्वास्थ्यकर्मी हीरावल्लभ, महेन्द्र एवं सुरेन्द्र उपस्थित थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर कानाराम के निर्देशन में शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत जिले में खाद्य व्यवसायियों द्वारा विक्रय की जाने वाली खाद्य सामग्री की नियमित जांच की जा रही है। इसी क्रम में आज ब्लॉक भादरा में मसालों की पिसाई, भंडारण एवं विक्रय करने वाले दो संस्थानों की जांच की गई एवं सैम्पल संग्रहित किए गए। उन्होंने बताया कि गुड मण्डी स्थित



**भादरा में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने श्याम मसाला इंडस्ट्रीज से मसालों के सैम्पल लिए।**

श्याम मसाला पिसाई केन्द्र एवं नोहर बाइपास की श्याम विहार कॉलोनी में मै. श्याम मसाला इंडस्ट्रीज पर आज चिकित्सा विभाग की दो टीमों ने औचक निरीक्षण किया। डॉ. नवनीत शर्मा मै. श्याम मसाला इंडस्ट्रीज की समस्त यूनिट की जांच की गई।

संस्थान से प्राप्त लगभग 11 क्विंटल मसाला सीज किया गया। इसके अलावा हल्दी, लाल मिर्च एवं धनिया का भी सैम्पल भरा गया। निरीक्षण में फूड लाइसेंस प्रदर्शित नहीं

- **श्याम मसाला पिसाई केन्द्र से भी हल्दी, लाल मिर्च और धनिया का सैम्पल संग्रहित किया गया**
- **संस्थान द्वारा बरती जा रही कमियों के लिए नोटिस जारी कर जवाब मांगा जायेगा**

किया जा रहा था। संस्थान द्वारा कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत नहीं किए गए। इसके अलावा पेस्ट कंट्रोल भी आवश्यक दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए गए। संस्थान द्वारा बरती जा रही कमियों के लिए नोटिस जारी कर जवाब मांगा जायेगा। इसके अलावा श्याम मसाला पिसाई केन्द्र से भी हल्दी, लाल मिर्च और धनिया का सैम्पल संग्रहित किया गया। संग्रहित सैम्पल को बीकानेर स्थित खाद्य प्रयोगशाला में भिजवाए जायेंगे।

## प्रभारी मंत्री गोदारा ने की जन सुनवाई

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा गुरूवार को श्रीगंगानगर पहुंचे। वे बीकानेर से सड़क मार्ग से श्रीगंगानगर आए। सूरतगढ़ रोड पर भाजपा जिला कार्यालय में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसके बाद वे सर्किट हाउस पहुंचे जहां उन्होंने जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान प्रभारी मंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनी।

गांव ग्यारह एलएनपी के मोहनलाल के नेतृत्व में ग्रामीण रणधीर भींचर, जयप्रकाश, राजीव जाखड़, संजीव कुमार आदि ने प्रभारी मंत्री को गांव के सरकारी स्कूल के हालात के बारे में बताया। इन लोगों का कहना था कि प्राचार्य सुरेन्द्र सोनी की कार्यप्रणाली उचित नहीं है। इस पर मंत्री ने सीडीईओ पन्नालाल कड़ेला से जवाब मांगा। कड़ेला ने मामला निदेशक स्तर पर भिजवाने की जानकारी दी।

वहीं 16 डीबीएन के लोगों के बिजली के कनेक्शन संबंधी मामला उठाने पर एसई इलेक्ट्रिसिटी को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा सरकारी अस्पताल से जुड़े मामले में पीएमओ दीपक मोंगा को तलब किया। किसानों की नहरी पानी से जुड़ी समस्याओं पर उन्होंने गंगनहर के एसई धीरज चावला से जानकारी ली।

## सार-समाचार

### श्री पंच प्रतिक्रमण सूत्र का लोकार्पण



**खरतरगच्छीय पंच प्रतिक्रमण सूत्र के पांचवें संस्करण का लोकार्पण लोकार्पण रतन लाल नाहटा ने किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। आचार्य जिन पीयूष सागर सूरीश्वर के सानिध्य में गुरुवार को ढड्ढा चौक के प्रवचन पंडाल 'यशराग' में खरतरगच्छीय पंच प्रतिक्रमण सूत्र के पांचवें संस्करण का लोकार्पण किया गया। इस पुस्तक का संपादन आचार्य पीयूष सागर सूरीश्वर ने किया है। पुस्तक का प्रकाशन जबलपुर के कोठारी परिवार ने किया है। श्रीमती रेखा गोलछा पत्नी रवि गोलछा के अट्ठाई पर वरिष्ठ श्राविका सरोज मुसरफ ने अभिनंदन किया। पुस्तक का लोकार्पण सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा, जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुसरफ, मंत्री मनीष नाहटा, धीरज बरड़िया, पुस्तक प्रकाशन के लाभार्थी खरतरवसही पालीतणा के ट्रस्टी जबलपुर के मनीष कोठारी, नमिऊण नाथ जैन श्वेताम्बर मणिधारी तीर्थ सिवनी जबलपुर के ट्रस्टी आशीष कोठारी ने किया। खरतरवसही पालीतणा के ट्रस्टी जबलपुर के मनीष कोठारी ने विचार रखे। इस अवसर पर वरिष्ठ श्रावक विमल सुराणा, मनीष बोथरा, धीरज बरड़िया ने मुनि संवर रत्न सागर के वीर पिता शांति लाल भुगड़ी (बालोद), मनीष कोठारी व आशीष कोठारी जबलपुर, बाड़मेर के सोहन लाल संकलेचा, वीर दादा बसंत कुमार सुराणा, कमल कुमार अड़गतिया, प्रफुल्ल कुमार संकलेचा, विचक्षण महिला मंडल चैन्नई की सुशीला बच्छावत, वीरमाता वंदना भुगड़ी, वीर दादी उर्मिला सुराणा, शकुन्तला कोठारी, वर्षा कोठारी व श्रीमती कविता कोठारी का श्रीफल, दुपट्टा आदि से अभिनंदन किया गया। आचार्यश्री ने चाय पर आधारित गीत का मुखड़ा सुनाते हुए कहा कि देव, गुरू व धर्म में रस लेने से जीवन मिठास, शक्ति, सामर्थ्य व प्रभु भक्ति मिलती है। सांसारिक विषय वस्तुओं के व्यसन का त्याग कर परमात्म भक्ति की लौ लगाएं।

### साईक्लिंग प्रतियोगिता सम्पन्न



**साईक्लिंग प्रतियोगियों को हरी झण्डी दिखाकर मुख्य अथिति उमराव कंवर प्राचार्य राजकीय फोर्ट स्कूल ने रवाना किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। 68 वीं जिला स्तरीय साईक्लिंग प्रतियोगिता राजकीय फोर्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय के तत्वावधान में एयरपोर्ट सर्किल जैसलमेर रोड़ पर सम्पन्न हुई। प्रतियोगिया के संयोजक राष्ट्रीय स्तर के साइक्लिस्ट युगल राव ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 150 उच्च कोटि के साइकिलिस्टों ने भाग लिया जिसमे अंडर 19 छात्र वर्ग में दिनेश गाट ने गोल्ड जयकिशन सारण ने रजत पदक जीता। वही छात्रा वर्ग में लक्ष्मी बिश्नोई ने गोल्ड व रवीना जाखड़ ने रजत पदक जीता। अंडर 17 टाइम ट्रायल वर्ग के बालकों में लोकेश को गोल्ड व महादेव को रजत पदक मिला। इसी वर्ग के छात्रा वर्ग में रूखमणी ने गोल्ड मेडल व अंकिता महरिया ने रजत पदक जीता। प्रतियोगिता के समापन के मुख्य अथिति उमराव कंवर प्राचार्य राजकीय फोर्ट स्कूल व विशिष्ठ अतिथि गुरू वशिष्ठ अवार्ड प्राप्त ललित कुमार छंगाणी थे। इस अवसर पर निर्णायक रेफरी की महत्पूर्ण भूमिका में किशोर सिंह, राजेश सेवग, पेमाराम जाट, सुरजाराम, विजय कुमार, महेन्द्र बिश्नोई, राजेन्द्र पड़िहार, शारदा टर्ड, कैलाश मनोहर लाल, कपिल बिश्नोई थे। कोचिंग स्टाफ किसन कुमार, श्रवण भांबू की रही। पूरी प्रतियोगिता की रनिंग कमेंट्री देश के जाने माने खेल कमेंट्रेटर दलीप सिंह भाटी की थी। प्रतियोगिता की सयोजिका अनुसुईया थी। आभार निदेशालय प्रभारी एन आई एस कोच राधाकृष्ण छंगाणी ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन रखा। जिला स्तर प्रयियोगिता के संयोजक युगल राव ने बताया की राज्य स्तर ट्रैक प्रतियोगिता सवाई मानसिंह वेलोड्रोम जयपुर तथा रोड़ प्रतियोगिता भीम जिला राजसमन्द में आयोजित होगी।

### जलदाय कर्मचारी का अनशन जारी

**अनूपगढ़,** (कासं)। घडसाना मंडी के वाटर वर्क्स कार्यालय के सामने फीटर सैंकड के पद पर कार्यरत कर्मचारी अनशन पर बैठा हुआ है। कर्मचारी का आरोप है कि श्रम न्यायालय आदेशों के बाद भी अधिकारियों के द्वारा उसे नियमित नहीं किया गया है और न ही नियमितीकरण का लाभ दिया गया है। नियमितीकरण नहीं करने के कारण उसके दो तो इंक्रीमेंट भी रुके हुए हैं। कर्मचारी विद्याधर शाक्य ने आरोप लगाया कि अधिकारियों के द्वारा उसे पिछले दो महीनों से वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। कर्मचारी ने आरोप लगाया कि जलदाय विभाग के अधिकारियों के द्वारा उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया जा रहा है।

# घर ले जाकर युवक से मारपीट, पिस्तौल दिखाकर रूपए छीने

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जंक्शन पुलिस थाने में घर ले जाकर मारपीट करने और पिस्तौल दिखाकर रूपयों से भरा पर्स छीनने वाले 4 नामजद सहित 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

वारदात के बाद आरोपियों ने बेहोशी की हालत में युवक को गली में फेंक दिया। पुलिस ने युवक को घायल हालत में जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एएसआई रामपाल ने बताया कि विनोद कुमार (34) पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी वार्ड दो, गांव जोड़कियां ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई बलवंत लकड़ी का मिस्त्री है। उसके भाई बलवंत के पास मंगलवार रात करीब 9 बजे दीपू उर्फ दीपक पुत्र पृथ्वी मेघवाल निवासी रोड़ांवाली का फोन आया कि उसकी बहन जिसका रिश्ता उसने करवाया था। उसे उसके ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया है।

उनके पास उसकी बहन के पड़ौसियों का फोन आया है। उसकी बहन को उसके ससुराल मेहरवाला से लेने के लिए चलना है। वह रोड़ांवाली

- **बेहोशी की हालत में गली में फेंका, चार लोग नामजद सहित 8 के खिलाफ मामला दर्ज**

आ जाए और उनके साथ चले। इस पर उसके भाई बलवंत ने कहा कि बाइक सही नहीं होने के कारण वह रोड़ांवाली नहीं आ सकता है और फोन काट दिया। रात करीब साढ़े 9 बजे दीपक ने उनके घर का दरवाजा खटखटाया। उसकी मां ने दरवाजा खोला तो दीपक ने अंदर आकर कहा कि बलवंत को उनके साथ बहन के ससुराल लेकर जाना है। उसकी बहन को रोड़ांवाली लेकर आना है। इस पर बलवंत ने अपना पर्स उठाया और दीपक के साथ उसकी बाइक पर रोड़ांवाली चला गया।

उसके पास हनुमानगढ़ जंक्शन थाने से फोन आया कि बलवंत के साथ किसी ने मारपीट कर रोड़ांवाली में गली में फेंक दिया था। उसे पुलिस ने जिला अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती करवाया है। इस पर वे सरकारी अस्पताल पहुंचे तो बलवंत ने बताया कि दीपक ने उसे रोड़ांवाली अपने घर में ले जाकर अंदर बैठाया और कहा कि गाड़ी आ रही है। गाड़ी आ जाने पर मेहरवाला चलेंगे। कुछ देर बाद वहां पर दयाराम मेघवाल निवासी रोड़ांवाली आ गया। उसके साथ 4 अन्य बदमाश आये थे।

दीपक ने उसे कहा कि तू कभी उसके ससुराल, कभी बहन के ससुराल और उसकी जान-पहचान के व्यक्तियों को फोन कर कहता है कि तूने उससे एक लाख 20 हजार रूपए लेने हैं। आज तुझे सारे रूपए इकट्ठे ही दे देंगे। यह कहते हुए वे उसके साथ मारपीट करने लगा। दीपक ने धारदार हथियार से सिर और कान पर वार किया। दयाराम ने पिस्तौल दिखाकर उसका पर्स छीन लिया। दीपक, दयाराम के अलावा मंजू पत्नी पृथ्वी, अलका पत्नी दीपक और चार अन्य बदमाशों ने जान से मारने की नियत से मारपीट की और बेहोशी की हालात में उसे घर से बाहर फेंक दिया।

## हेरोइन सप्लायर गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले की टाउन थाना पुलिस ने 25 ग्राम हेरोइन बरामदगी के संबंध में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में वांछित युवक को गिरफ्तार किया है।

हेरोइन सहित पकड़े गए तस्कर ने युवक का नाम बताया था, जिसके बाद से पुलिस को वांछित की तलाश थी। टाउन पुलिस पकड़े गए युवक से हेरोइन सप्लाई से संबंधित पूछताछ में जुटी हुई हैं। थाना प्रभारी रामचन्द्र कस्वां ने बताया कि थाने के एसआई ज्योति के नेतृत्व में गठित टीम ने गश्त के दौरान मलकीत सिंह उर्फ मीता (42) पुत्र स्वर्ण सिंह जटसिख निवासी वार्ड एक, वाटर वर्क्स के पास तलवाड़ा झील के कब्जे से 25 ग्राम चिट्टा बरामद किया था। आरोपी मलकीत सिंह ने पूछताछ में बताया कि उसने कुलविन्द्र सिंह उर्फ कालू पुत्र कश्मीर सिंह रायसिख निवासी वार्ड 18, लेखराम चुघ की दुकान के पास तलवाड़ा झील से चिट्टा खरीदा था।

इस पर पुलिस ने आरोपी कुलविन्द्र सिंह उर्फ काला (30) को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एसआई ज्योति, कांस्टेबल मानसिंह, कृष्ण सिंह और प्रदीप सिंह शामिल थे।

# गाय के हमले में प्रधानाध्यापक घायल

**सूरतगढ़,** (कासं)। केन्द्रीय पशु प्रजनन फॉर्म सूरतगढ़ में थारपारकर नस्ल की एक गाय ने बाइक सवार सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक पर हमला करके घायल कर दिया। जिससे प्रधानाध्यापक के कपड़े फट गए व कंधे पर चोट आई है।

फार्म कर्मचारियों ने गाय को काबू कर बाड़े बंद किया। लोगों ने प्रधानाध्यापक को निजी वाहन से सरकारी अस्पताल में पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सीसीबीएफ के प्रधानाध्यापक काबूल सिंह सुबह 7:30 बजे बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान अचानक थारपारकर नस्ल की गाय ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में काबुल सिंह घायल हो गए और उनके कपड़े भी फट गए। प्रधानाध्यापक को कॉलोनी में ही रहने वाले लोगों ने मुश्किल से बचाया।

लगभग 10 मिनट बाद फॉर्म के कर्मचारियों ने गाय को काबू में किया। घायल प्रधानाध्यापक को निजी वाहन से राजकीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद आराम करने की सलाह दी गई।

- **पशु प्रजनन फॉर्म सूरतगढ़ में थारपारकर नस्ल की एक गाय ने बाइक सवार प्रधानाध्यापक पर हमला कर घायल किया**

इसी थारपारकर नस्ल की गाय ने पूर्व में भी एक महिला पर हमला किया था, जो बाइक पर अपने परिजनों के साथ जा रही थी। लोगों का कहना है कि बार-बार हिंसक गाय को फॉर्म के कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा खुले में छोड़ना चिंताजनक है।

केन्द्रीय पशु प्रजनन फॉर्म, संयुक्त आयुक्त डॉ. वी के पाटिल ने कहा कि घटना के बाद गाय को बाड़े में बंद कर दिया गया है। कर्मचारियों को निर्देश दिए कि गाय को बाहर न निकालें। पहले जो महिला घायल हुई थी, वह फॉर्म की ही कर्मचारी थी।

# रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

**हनुमानगढ़,** (कासं)। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी और जिला कलेक्टर कानाराम ने रावतसर ब्लॉक की बरमसर ग्राम पंचायत में देर शाम को आयोजित रात्रि चौपाल में जनसुनवाई की। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। संभागीय आयुक्त ने सभी 35 परिवेदनाओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को राहत देने के निर्देश दिए।

इस मौके पर जिला स्तरीय अंडर 19 वर्ष फुटबॉल टूर्नामेंट में उपविजेता रही बरमसर ग्राम पंचायत की महिला टीम को संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर ने ट्रॉफी भेंट की। लक्ष्मी, रचना, दिव्या, पलक, स्नेहा और आरती को राज्य स्तर पर चयनित होने पर बधाई दी। खिलाड़ियों ने ग्राम पंचायत में खेल स्टेडियम के लिए जमीन आवंटित करने तथा स्टेडियम विकसित करने की मांग रखी।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि स्टेडियम के लिए भूमि उपलब्ध करवाने में आमजन सहयोग करें। इसके साथ ही तहसीलदार को विकल्पों के आधार पर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि खेल स्टेडियम के निर्माण की जिम्मेदारी उनकी है।

जिला कलेक्टर कानाराम ने कहा कि राज्य सरकार ने पहली बार डोर-टू-डोर सर्वे कर गांवों से कचरा संग्रहण की योजना पर कार्य किया है। इसमें आमजन सहयोग करे। गांव को प्लास्टिक और पॉलिथीन मुक्त रखने का आव्हान भी किया।

## शादी कर 4.96 लाख की ठगी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में युवक से शादी करके 4 लाख 96 हजार रूपए ठगने का मामला सामने आया है।

युवक का आरोप है कि युवती ने उससे शादी की। कुछ माह उसके साथ रही। इसी दौरान उससे कई तरह की बातें करके 4 लाख 96 हजार रूपए ठग गए। इसी दौरान युवती अपने पीहर गई और उसने किसी अन्य से शादी कर ली। पीहर जाने के दौरान आरोपी युवती घर का कुछ सामान भी चुरा ले गई।

पंजाब की अबोहर तहसील के खींवावाली ढाब के रहने नवीन पुत्र लालचंद ने बताया कि पिछले साल फरवरी में उसका विवाह श्रीगंगानगर के मुकर्जी नगर की युवती से हुआ था। युवती ने शादी के कुछ दिन में ही उससे 4 लाख 96 हजार रूपए ले लिए। नवीन का आरोप है कि इस दौरान युवती ने किसी अन्य से विवाह कर लिया।

# पदमपुर लूट का मास्टरमाइंड फेरी वाला निकला

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के पदमपुर में पांच सितम्बर की रात करीब साढ़े बारह बजे टायर व्यवसायी के घर में लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना को पंजाब के एक गैंग ने अंजाम दिया। यह गैंग पंजाब में लूट की वारदातें करती रही है। पुलिस ने गुरूवार को गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया।

एसपी गौरव यादव ने गुरूवार को बताया कि इनसे पूछताछ में सामने आया कि वारदात का मास्टरमाइंड पदमपुर में फेरी लगाने वाला एक व्यक्ति है। यह व्यक्ति पीड़ित के घर सब्जी बेचने के लिए आता था। उसने परिवार के बारे में जानकारी जुटाई और पंजाब के गैंग में शामिल एक मैम्बर को इसके बारे में बता दिया। गैंग के मैम्बर्स ने पूरी जानकारी लेने के बाद वारदात की। पदमपुर के वार्ड चार

- **सब्जी बेचने वाले की सूचना पर पंजाब के गैंग ने की थी टायर व्यवसायी के घर लूट की वारदात**

की शरबती देवी पत्नी बृजलाल खटीक ने पांच सितंबर को पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि पांच सितम्बर को देर रात करीब साढ़े बारह बजे उसके घर के गेट पर आवाज हुई। इस पर शरबती देवी के पति बृजलाल खटीक ने दरवाजा खोला तो दो लोग अंदर घुस आए। इन लोगों ने पेचकस और अन्य नुकीले हथियार से उसके पति पर हमला कर दिया। शरबती देवी ने मदद मांगने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और उसे व उसके पति को बंधक बना लिया। आरोपी घर में पड़े सोने-चांदी और नकदी ले गए। एसपी यादव ने बताया कि इस मामले में शुरूआती जांच में कोई लोकल लिंक नजर नहीं आ रहा था। मुखबिरों से पता किया। सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो आरोपियों के पंजाब में फिरोजपुर, मोगा व आसपास के इलाके का होने का पता चला। आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी तो दो आरोपी हत्थे चढ़ गए। पकड़े गए आरोपियों में फिरोजपुर कैंट के इंदिरा कॉलोनी चुंगी नंबर सात का रहने वाले अशोक पुत्र सोहनलाल और मोगा जिले के धर्मकोट के वार्ड में रहने वाले शालू सुल्तान पुत्र भगतराम शामिल हैं।

# दुनियां के सभी देशों के विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल हुई हिन्दी : डॉ. गुप्त

**बीकानेर,** (कासं)। हिन्दी दिवस कार्यक्रमों के तहत गुरूवार को राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय में 'हिन्दी और हम' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

इसके मुख्य वक्ता शिक्षाविद्-साहित्यकार डॉ. उमाकांत गुप्त थे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की संस्कृति और इसकी ऊंचाईयों को जानना है, तो उसकी भाषा को जानें। उन्होंने कहा कि हिन्दी, इस कसौटी पर खरी उतरती है। यह भाषा वैज्ञानिकता लिए हुए है। यह हमारी अस्मिता की पहचान है।

उन्होंने कहा कि हिन्दी धीरे-धीरे दुनियां की भाषा बनने की ओर अग्रसर है। आज दुनियां के लगभग प्रत्येक देश के विश्वविद्यालय में हिन्दी को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। डॉ. गुप्त ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में हिन्दी की भूमिका, लेखनी सुधार, शब्दावली मजबूत करने सहित अन्य विषयों पर बात रखी।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को



**सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय में 'हिन्दी और हम' विषय पर संगोष्ठी को मुख्य वक्ता शिक्षाविद-साहित्यकार डॉ. उमाकांत गुप्त ने संबोधित किया।**

चाहिए कि वे समाचार पत्रों के सम्पादकीय पृष्ठ को पढ़ें, इससे भाषा विकसित होगी। चिंतन बढ़ेगा और शब्दकोष में वृद्धि होगी। इस दौरान राधेश्याम तर्ड और बाबूलाल मीणा ने विभिन्न प्रश्न रखें।

राजभाषा संपर्क अधिकारी हरिशंकर आचार्य ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने राजभाषा के महत्व और इसकी

- **'हिन्दी और हम' विषय पर संगोष्ठी आयोजित**

उपयोगिता के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पुस्तकालयाध्यक्ष विमल शर्मा ने कहा कि पुस्तकालय द्वारा पाठकों के लिए विभिन्न संवाद एवं गोष्ठियां आयोजित की जाती हैं। इनका उद्देश्य उनके बौद्धिक स्तर को बढ़ावा देना है।

वहीं हिन्दी के साहित्यकारों के व्यक्तित्व-कृतित्व आधारित कार्यक्रमों का आयोजन होता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए गोपाल जोशी ने हिन्दी दिवस और इसके महत्व के बारे में बताया।

इस दौरान महेश पांड्या, परामर्शदाता रश्मि लाटा, इंद्र कुमार ओझा, केसरी सिंह भाटी, सत्यनारायण विश्नोई, शिवकरण चौधरी सहित वाचनलाय स्टाफ और पाठक मौजूद थे।

## 18 साल के युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं

**बीकानेर,** (कासं)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दुलीचंद मीना ने कहा कि जिले के निजी और राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 17-18 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों के डेटा, निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करवाए जाएं, जिससे पात्रता के अनुसार इनका पंजीकरण अथवा प्री-पंजीकरण करवाया जा सके।

डॉ. मीना ने गुरूवार को जिला स्तरीय सुगम निर्वाचन समिति की बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान शत-प्रतिशत नव-मतदाता पंजीकरण एवं सुगम मतदान सुनिश्चित करने में प्रत्येक विभाग भागीदारी निभाएं। स्कूलों के विशेष शिक्षकों का विशेष योग्यजन मतदाताओं के मतदाता सूची में पंजीकरण एवं चिन्हीकरण करवाएं। उन्होंने कहा कि जिले के निजी और राजकीय महाविद्यालय भी 18 प्लस आयु वर्ग के लिए वोटर हैल्पलाइन ऐप का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए।



**उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दुलीचंद मीना जिला स्तरीय सुगम निर्वाचन समिति की बैठक ली।**

डॉ. मीना ने कहा कि केन्द्र सरकार के स्वावलम्बन पोर्टल में पंजीकृत 40 प्रतिशत अथवा अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांजनों का डेटा, विभाग को उपलब्ध करवाया जाए। निर्वाचन केन्द्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि वोटर हैल्पलाइन ऐप के माध्यम से ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया का हेण्डज ऑन करवाकर स्वतः मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाए।